हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025



# नल-जल योजना का काम अधूरा, पांच दर्जन ठेकेदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएचई ने समय-सीमा के भीतर नल-जल योजना का काम पूरा नहीं करने वाले करीब पांच दर्जन ठेकेदारों को नोटिस जारी कर एक हफ्ते का समय दिया है। काम शुरू नहीं करने पर टेंडर को निरस्त किए जाने की तैयारी की गई है। पीएचई अफसरों का कहना है कि करीब 508 गांव में निर्माण काम चल रहा है। जिसमें गुणवत्ता को लेकर भी पड़ताल की जा रही है।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने हाल ही में पीएचई विभाग के कामकाज की समीक्षा की है। समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई है कि जिले के अधिकांश गांव में आज पर्यन्त तक नल-जल योजना का काम पूरा नहीं हो सका है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने 662 गांव में नल-जल योजना स्वीकृत की थी। पिछले चार साल में अभी तक सिर्फ 154 गांव में ही काम पूरा हो पाया है। 508 गांव में निर्माण काम अभी जारी है। सूत्रों ने बताया कि ठेकेदारों ने टेंडर लेने के बाद काम शुरू करने में रूचि नहीं दिखाई है। कुछ गांव में पाईप लाइन बिछा दी गई है, लेकिन टंकी का काम शुरू नहीं हो सका है। कुछ गांव में ठेकेदार ने टंकी का आधा-अधूरा निर्माण कर काम को छोड़ दिया है। सूत्रों ने बताया कि कलेक्टर डॉ. भुरे ने इस मामले में अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने पीएचई अफसरों को दो टूक शब्दों में कहा है कि समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाए। बताया जाता है कि कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई विभाग द्वारा पचास से अधिक ठेकेदारों को नोटिस जारी की जा रही है। जिसमें उन्हें एक हफ्ते का समय दिया गया है। एक हफ्ते में यदि निर्माण काम शुरू नहीं होता है तो टेंडर निरस्त किए जाने की प्रक्रिया के साथ-साथ उन्हें जिले में काम करने के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा।

## 154 गांवों में काम पूर्ण, गुणवत्ता को लेकर भी जांच पड़ताल जारी

### 50 गांव में रि-टेंडर

पीएचई विभाग ने हाल ही में पचास गांव में नल-जल योजना का आधा-अधूरा काम होने की रिपोर्ट सामने आने के बाद टेंडर निरस्त किया है। इसमें करीब 50 ठेकेदारों का टेंडर निरस्त कर नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया के जरिये काम दिया गया है। इन गांवों में अभी काम शुरू हो गया है। अफसरों का कहना है कि जिन गांवों में काम शुरू नहीं हुआ है, अब वहां नोटिस जारी की जा रही है।



### जारी होगा नोटिस

समय-सीमा के भीतर नल-जल योजना का काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी कर एक हफ्ते का समय दिया जा रहा है। यदि काम शुरू नहीं हुआ तो टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा।

\- समीर शर्मा, ईई पीएचई

### गांवों में आक्रोश

चार साल बाद भी नल-जल योजना का काम पूर्ण नहीं होने से गांवों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। हाल ही में सुशासन तिहार के दौरान भी ग्रामीणों ने योजना का काम शीघ्र पूरा करने की फरियाद लगाई है। यही कारण है कि प्रशासन ने अब इसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने की रणनीति तैयार की है।

## चिखली-अर्जुनी दुकानों में छापा, सुपरवाईजरों के खिलाफ मामला दर्ज

# सरकारी दुकानों में ओवररेट बिक रही शराब, उड़नदस्ता की दबिश में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कोचियों को शराब उपलब्ध कराने की शिकायतों के बीच अब दुकानों में ओवर रेट बिक्री का मामला सामने आया है। दुर्ग से आई संभागीय उड़नदस्ता टीम ने जिले की दो शराब दुकानों में दबिश देकर इस मामले का खुलासा किया।

छापे के दौरान जब दर्जनभर गोवा स्पेशन मदिरा की 12 बोतल खरीदी गई तो उसकी असल कीमत 1440 रुपए से साठ रुपए अधिक यानि 1500 रुपए दुकानदार द्वारा लिए गए, जब अधिक दाम लेने को लेकर सवाल किया गया तो सेल्समैन ने सुपरवाईजर के आदेश का हवाला दिया। इसके बाद टीम ने दोनों ही दुकानों के सुपरवाईजर के खिलाफ ओवर रेट बिक्री का मामला दर्ज कर लिया है।

दुर्ग की उड़नदस्ता टीम द्वारा जारी मीडिया बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार 9 मई की सुबह संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग की टीम द्वारा कंपोजिट मदिरा दुकान चिखली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा छद्मक्रेता द्वारा 12 नग गोवा स्पेशल मदिरा पाव की खरीदी कराए जाने पर दुकान के सेल्समैन योगेश भावे द्वारा 1440 रुपए के बदले 1500 रुपए लिया गया। सवाल करने पर सेल्समैन ने सुपरवाईजर धनपत के आदेश पर ओवर रेट पर बेचना बताया गया। दुकान के सुपरवाईजर धनपत ध्रुव है। दुकान में अधिक दर पर मदिरा विक्रय का प्रकरण कायम किया गया है। इसी प्रकार जब टीम द्वारा कंपोजिट मदिरा दुकान अर्जुनी का अचानक निरीक्षण किया गया। वहां भी छद्मक्रेता द्वारा 12 नग गोवा स्पेशल मदिरा पाव की खरीदी कराए जाने पर दुकान के सेल्समैन रुमेश सोनकर द्वारा 1440 रुपए के बदले 1500 रुपए लिया गया और सेल्समैन ने सुपरवाईजर चंद्रशेखर भट्ट के आदेशों पर ओवर रेट बेचना बताया।

### उड़नदस्ता की टीम ने मदिरा दुकान का किया आकस्मिक निरीक्षण



### सिर्फ नाम के लिए सीसीटीवी कैमरे

यूं तो प्रदेश शासन के आदेश पर सभी सरकारी शराब दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन यह कैमरे केवल नाममात्र के लिए रह गए हैं। दुकानों में पदस्थ सुपरवाईजर चालाकी कर कैमरे की कैद में आने अलग-अलग तरीके अपना रहे है। जिसका भी खुलासा टीम की जांच के दौरान हुआ। बताया गया कि जब टीम द्वारा चिखली दुकान पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा की जांच करने की कोशिश की गई तो वहां काउंटर के पास जानबूझकर मदिरा की पेटियां रखी गई है। जिससे काउंटर का सीसीटीवी कवरेज दिखाई ना दे। इसी प्रकार अर्जुनी शराब दुकान में सीसीटीवी कैमरा का मॉनिटर खराब होना पाया गया।

### 200 में मिल रही पेटियां

ज्ञात हो कि यह पहली दफा नहीं है, जब शराब दुकानों से ओवर रेट एवं कोचियों को शराब उपलब्ध कराने की शिकायतें सामने आई हो। इससे पहले जब करवारी स्थित फार्म हाउस में अवैध बॉटलिंग मामले की जांच की गई तो पुलिस को कोचियों ने बताया था कि जिले में उन्हें दो सौ रुपए प्रति पेटी की रिश्वत लेकर सरकारी शराब दुकानों से पेटियां उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा भी कई दफा यह शिकायत सामने आ चुकी है।

# पुलिस कस्टडी में मौत, न्याय नहीं मिलने पर दी आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धमतरी जिले में पुलिस हिरासत में अपने बेटे की मौत के बाद उसके लिए न्याय की मांग करते बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी और बच्चियां भटक रहे हैं। आज कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री, आईजी के नाम ज्ञापन देकर उन्होंने न्याय दिलाने की मांग की है और न्याय नहीं मिलने पर परिवार सहित सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

बीते 31 मार्च को राजनांदगांव के ग्राम भंवरमरा निवासी दुर्गेन्द्र कठौलिया की पुलिस अभिरक्षा में मौत हो गई थी। लगभग डेढ़ माह बाद भी जांच कार्रवाई पूरी नहीं होने को लेकर मृतक के परिजनों ने मामले को दबाने का आरोप लगाया है।

**बयान दर्ज करने के बाद भी कार्रवाई नहीं :** मृतक के परिजनों ने कहा कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में न्यायाधीश की मौजूदगी में हमारा बयान लिया जा चुका है। बयान लिए लगभग 20-25 दिन गुजर गए हैं। वहीं घटना को हुए लगभग डेढ़ माह हो रहे हैं। मगर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। मृतक के परिजनों ने कहा कि कांग्रेस के सात सदस्यीय विधायकों की टीम विधायक गुंडरदेही कुंवरसिंह निषाद के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए आई थी, लेकिन एक माह गुजर जाने के बाद भी नतीजा शून्य ही रहा है।

### उचित कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन



### नहीं दे रहे जानकारी

मृतक की पत्नी दुर्गा कठौलिया ने कहा कि अभी तक पीएम रिपोर्ट भी नहीं दी गई है। वहीं किसी भी प्रकार की जानकारी धमतरी जिले में नहीं दी जा रही है। इसके लिए वह यहां राजनांदगांव में ही आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पति घर के अकेले कमाने वाले थे। अब परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है।

### मुआवजा राशि देने की मांग

मृतक के परिजनों ने मांग की है कि 15 दिवस के भीतर जांच पूरी करते हुए थाना प्रभारी शन्नी दुबे के विरूद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध किया जाए। वहीं 10 करोड़ रुपए मुआवजा राशि प्रदान किया जाए अन्यथा 15 दिवस पश्चात परिजनों द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल, फिर आमरण अनशन और फिर आत्मदाह करने के लिए विवश होना पड़ेगा।

### कई जगह गंभीर चोंट के निशान

मृतक के पिता लक्ष्मण सिंह कठौलिया ने कहा कि उनके पुत्र को पूछताछ के नाम पर इतना प्रताड़ित व मारपीट किया गया कि पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु हो गई। मृत्यु उपरांत उसे जिला चिकित्सालय धमतरी ले जाया गया। मृत्यु की जानकारी पुलिस ने दूसरे दिन सुबह लगभग 7 बजे दी। मृतक के पिता ने बताया कि जब उन्होंने अपने बेटे का शव देखा तो उसका हाथ कांधे से टूटा हुआ था, पसलियां टूटी थी, पैर टूटा था। शरीर में 25 जगहों पर गंभीर चोंट के निशान थे।

# सट्टे के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई, तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस ने सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के तीन आरोपियों को पकड़कर सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर एवं गांवों में अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया। छीरपानी शुलभ शौचालय के पास व गोलबाजार के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए अंकों के सामने रुपए-पैसे का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। नाम पूछने पर अपना नाम विकास सिन्हा उर्फ विक्की, कपिल कोटांगले, महोम्मद सादिक उर्फ मन्ना बताया।

### नगदी बरामद

तीनों आरोपी विकास के कब्जे से आठ नग कागज का पन्ना। जिसमें अंकों के आगे रुपए लिखा हुआ। साथ ही नीले रंग का डाट पेन एवं 1230 रुपए, ओरोपी कपिल कोटांगले के कब्जे से सात नग कागज का पन्ना। जिसमें अंकों के आगे रुपए लिखा हुआ। साथ ही डाट पेन एवं 1130 रुपए, आरोपी महोम्मद सादिक उर्फ मन्ना के कब्जे से 6 नग कागज का पन्ना। जिसमें अंकों के आगे रुपए लिखा हुआ, डाट पेन एवं 1080 रुपए जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 की तहत कार्रवाई किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# परिजनों के साथ एक्वा विलेज वाटर पार्क नहाने गया 13 साल का बालक डूबा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया से परिजनों के साथ इंदामरा स्थित एक्वा विलेज वाटर पार्क में नहाने गया एक 13 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई है। बालक के डूबने के बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक बालक अंशुल भंडारकर अपनी मां, मौसी और भाई के साथ शुक्रवार की दोपहर एक्वा विलेज वाटर पार्क पहुंचा था। इस दौरान सभी चार सदस्य वाटर पार्क में पहुंचने के बाद चेंजिंग रुम में कपड़े बदलने गए थे। मृतक बालक सबसे पहले निकलकर वाटर पार्क में स्थित वेव पुल में जा पहुंचा, जहां पांच मिनट का वेव मूवमेंट जारी था। इसी दौरान बालक की डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि बालक के डूबने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था।



### तैरना नहीं जानता था

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बालक को तैरना नहीं आता था। इसके साथ ही उसके मानसिक रूप से कमजोर होने की भी बात सामने आई है। बताया गया कि बालक अपनी मां, मौसी और भाई से अलग जाकर अकेले ही पुल में नहाने पहुंच गया था। इस दौरान ही यह घटना हुई। घटना बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया।

### सीआरपीएफ में पिता, शोक में परिवार

मिली जानकारी अनुसार मृतक अंशुल भंडारकर के पिता सुरेश के ही दंतेवाड़ा जिले में सीआरपीएफ में सूबेदार के पद पर पदस्थ है। बालक की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवारजनों का पहुंचना शुरू हो गया है। मृतक अपनी मां, मौसी और भाई के साथ वाटर पार्क पहुंचा था।

### पड़ोसी राज्य से पहुंचते हैं लोग

उल्लेखनीय है कि इंदामरा स्थित एक्वा विलेज वाटर पार्क में बड़ी संख्या में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से लोग आते रहते हैं। इनमें खासकर गोंदिया शहर से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, बालोद, मोहला मानपुर, खैरागढ़ जैसे जिलों से भी रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग वाटर पार्क में आनंद लेने आते हैं।

## गर्मी से बचने ठंडे पेयजल का सहारा, शाम बाद निकल रही बारात

# भीषण गर्मी का वैवाहिक आयोजन में असर: कूलर और बर्फ की डिमांड बढ़ी, एसी वाले भवन-होटल फूल बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मई माह में जहां भीषण गर्मी का दौर जारी है। वहीं इस माह सर्वाधिक मांगलिक मुहूर्त होने के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों की धूम है। वैवाहिक मुहूर्तों के चलते बाजार में रौनक बनी हुई है।

ज्ञात हो कि मार्च में होलाष्टक के बाद से वैवाहिक मुहूर्त प्रारंभ हुए हैं, जो लगातार जारी है। खासकर मई माह में सर्वाधिक मांगलिक मुहूर्त है। जिसके चलते इन दिनों गांव-गांव व शहर में वैवाहिक आयोजनों का क्रम बना हुआ है। इस माह विगत सप्ताहभर से मौसम में उतार-चढ़ाव तेज हवा के चलते खुले स्थानों पर मांगलिक आयोजन करने वालों को समस्याओं का सामना भी करना पड़ा। खुले स्थानों पर शादी पार्टी की तैयारियों में व्यवधान उत्पन्न हुआ। वहीं सुरक्षित स्थान भी तलाशना पड़ गया। वहीं भीषण गर्मी के चलते भी लोग हलाकान हो रहे हैं। हालांकि कई लोगों ने सामाजिक व सार्वजनिक भवन, होटल इत्यादी पूर्व से ही मांगलिक आयोजन के लिए आरक्षित कर लिए थे।




### लगातार मुहूर्त

इधर इस माह 5, 6, 8, 9 के बाद 14, 16, 17, 18, 22, 23, 27 व 28 मई को लगातार वैवाहक मुहूर्तों का क्रम बना हुआ है। जिसके चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बाजे-गाजे और बारात-चौथिया पार्टी का माहौल है। वैवाहिक आयोजनों के चलते लोगों की व्यस्तता भी बढ़ी हुई है। लगातार मुहूर्त के चलते इन दिनों यात्री वाहनों में भीड़ का वातावरण निर्मित है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े शामियाना, बैंड, धुमाल, हलवाई सहित अन्य की भी व्यस्तता लगातार बनी हुई है।

### बाजार में रौनक

बाजार में नवरात्र से ही लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। लगातार मुहूर्तों के चलते इन दिनों शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में लोगों की चहल-पहल बनी हुई है। वैवाहिक आयोजनों से संबंधित खरीदी करने के लिए लोगा बाजार पहुंच रहे हैं। कपड़ा, ज्वेलरी, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य दुकानों में लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति बन रही है। माना जा रहा है कि मई माह में सर्वाधिक वैवाहिक मुहूर्तों के चलते पूरे माह वैवाहिक आयोजनों की धूम रहेगी।

### माय एंगल




समता
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेकेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे • एडवांस डेंटल ऑपरेशन थियेटर
• डेंटल लेजर, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉइंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होल्टर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
• कंधों में जकड़न,
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### मातेखेड़ा की भूमिका टॉपटेन में



**छुरिया।** मातेखेड़ा के उपसंपच मनोज साहू की बेटी भूमिका साहु ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा के घोषित परिणाम में छत्तीसगढ़ में टाप टेन में दसवा स्थान प्राप्त किया है। उसे 97.67 प्रतिशत अंक मिले है। भूमिका साहु वर्तमान में प्रयास आवासीय विद्यालय बालोद में अध्ययन कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भूमिका साहु से मुलाकात कर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु, हनीफ कुरैशी, सरपंच गोपाल सेन, भरत कोटेलकर, डोरकण साहु, धनवाराम साहू, तीजु राम साहू उपस्थित थे।

### एथलेटिक्स दिवस का आयोजन



**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में डॉ. राजेन्द्र शर्मा के निर्देशन एवं क्रीडा विभाग के तत्वावधान में विश्व एथलेटिक्स दिवस का आयोजन रखा गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चौरे ने बताया कि विश्व एथेलेटिक्स दिवस का शुभारंभ 1996 से हुआ है। यह दिवस सभी उम्र के लोगो को एथलेटिक्स गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉ राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि एथेलेटिक्स दिवस के माध्यम से एथलेटिक्स दलों और संगठनों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का अवसर मिलता है। संचालन नरेन्द्र उमरिया एवं अभार प्रदर्शन मेघराज तारक ने किया। इस मौके पर उष्यंत चनाप, दीपिका ध्रुवे, प्रीतिबाला ठाकुर, चैतराम यादव, गैंदलाल सोनकर, इंदिरा इंदु, राजहंस अंबादे आदि उपस्थित थे।

### पर्ची निकालकर छात्रों का चयन



**छुरिया।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल छुरिया में प्रवेश के लिए 8 अप्रैल से 5 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गए थे। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन आने पर 8 मई को लाटरी निकालकर छात्रों का चयन किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन, सहायक संचालक बी. संगीता राव,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा. नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम, प्राचार्य धनेशराम सिन्हा, और हिमाचल खिलारी उपस्थित थे। इस बार कक्षा पहली में प्रवेश के लिए सबसे अधिक आवेदन आए थे जिसमें 50 छात्र छात्राओं का चयन लाटरी पद्धति से किया गया।

### 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, कला संकाय प्रमुख डॉ. आशा चौधरी एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के निर्देशन में कला, वाणिज्य, कंप्यूटर विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस मुख्य वक्ता भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्ग के प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती थे। कला संकाय प्रमुख डॉ. चौधरी ने स्वागत करते हुए अपना उद्बोधन दिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. चक्रवर्ती ने जीवन एवं कार्य में संतुलन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार व्यक्ति आधुनिक युग में व्यस्त होते जा रहा है और कार्यभार बढ़ने के कारण तनाव का शिकार हो रहा है। अंत में डॉ. चौधरी ने मुख्य वक्ता डॉ. चक्रवर्ती को सम्मानित किया। इस अवसर पर अविनाश सिंह, नीलम चतुर्वेदानी, तूलिका चक्रवर्ती, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशकृति हजारे, डॉ. सपना परिहार, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, प्रभात बैस, रोशन साहू, रणविजय देवांगन, रिचा अग्रवाल, गोकुल प्रसाद, डॉ. निर्वेद शर्मा, देवश्री देवांगन आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन एचआर पदमे ने किया।

## समाधान शिविर में हो रहा समस्याओं का समाधान

# सुशासन तिहार से लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सुशासन तिहार जनता के लिए काफी सार्थक साबित हो रहा है। एक ही मंच पर हितग्राहियों की समस्याएं और मांगों की पूर्ति की जा रही है। जनता की समस्याओं का निदान होने से उनकी आशा पूरी हो रही है। गत दिनों सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी पात्र 2841 आवेदकों को लाभान्वित किया गया।

जानकारी के अनुसार समाधान शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर आवास की चाबी दिया गया। पांच हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार 10 को राशन कार्ड, 10 को मनरेगा जॉब कार्ड, 3 को सुपोषण किट प्रदान किया गया। 2 बच्चों का अन्नप्राशन, दो गर्भवती माताओं का गोद भराई किया गया। एक हितग्राही को मछली जाल, 5 को निक्षय कीट, 5 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार 137 हितग्राहियों को शौचालय स्वीकृति पत्र दिया गया।

### योजनाओं से लाभांवित हो रहे ग्रामीण



**लाभ पहुंचाने शिविर**

इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व में जनता की समस्याओं का निदान करने और महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर लोगों की समस्याओं और मांगों को सुनने के साथ ही निराकरण करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### कलेक्टर ने लिया जायजा


कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने शिविर में शामिल होकर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। शिविर में अनेक हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किया गया। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समूह को सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पुनऊराम फुलकावरे, उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, शांति त्रिपुरे, लक्ष्मी कोसारे, देवकीबाई यादव, जिपं सीईओ भारती चन्द्राकर, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद सीईओ प्रियंवदा रामटेके सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रशासन ने लोगों के आवेदन का किया निराकरण



**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुषासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरण किया गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, तहसीलदार सोनिया मैरीया, एसडीओ वन पूर्णिमा राजपूत, सीएमओ अजय बहादुर सिंग, इंजीनियर टेमन साहू आदि शामिल हुए। शिविर में श्रम विभाग, महिला बाल विकास, वन विभाग, आयुष चिकित्सा, मोबाईल मेडिकल युनिट, परिवहन विभाग, नगर पंचायत, विद्युत विभाग संबंधित आवेदनो का निराकरण किया गया। इस दौरान रमेश यादव, राजेश देवांगन, भुपेन्द्र खोब्रागडे, मृगलाल साहू, योगेश साहू, रामजी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बेहतर रहा शिशु मंदिर के परिणाम



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। कक्षा दशम में 67 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 42, द्वितीय 25 रहे। परिणाम 81 प्रतिशत रहा। टॉप टेन में जेयानी निर्मलकर, पूर्व कुमार डडसेना, याशिका भारद्वाज, टीकम वर्मा, खुशी माली , देविका सिन्हा, राशि सिन्हा, चैतन्य वर्मा, प्रियांशु वर्मा, खुशांत सिन्हा रहे। इसी प्रकार कक्षा द्वादश में 70 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 49, द्वितीय 21 रहे। परिणाम 82.50 प्रतिशत रहा। टॉप टेन में आदित्य सोनवानी, हर्षिता जंघेल, दिव्य किरण सिन्हा, रेनू साहू, रोहन हठीले, डिंपल यादव, वाणी साहू, विद्या वर्मा, प्रिया पड़ोटी, अनामिका साहू, वैशाली सिन्हा, गीतांजलि मंडावी, भारती निषाद शामिल रही। उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को सुनील जैन, नीलम चोपड़ा, मीना गिरधर, प्रकाश गिरधर, नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी है।

## बेहतर परिणाम से छात्र खुश




**छुईखदान।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम स्कूल एवं पीएम श्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी हिंदी अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में परीक्षा परिणाम आने से छात्रों में खुशी की लहर है।

पीएम श्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी हिंदी अंग्रेज़ी स्कूल में विज्ञान संकाय की मिस्बाह खान ने 88.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही है। वह एमपी बुक डिपो के संचालक शमशुल होदा खान की भतीजी और नाजिम खान की पुत्री है। मिस्बाह शुरू से उच्च स्थान प्राप्त करते रही है। वह गाइनेकोलॉजिस्ट बनकर महिलाओं की सेवा करना चाहती है। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम स्कूल छुईखदान के छात्र मो अर्श ने आठवी में 90.3प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वह डॉक्टर बनना चाहता है। मो अर्श जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान के पुत्र है। उन्हे शमीम बानो, प्रमिला श्रीवास्तव, रेहाना जरीन, अनिशा सुल्ताना, उरुशा सुल्ताना, शबनम बानो, तरन्नुम निशा, पुरनूर खान, आरफा सुल्ताना, रूमाना सुल्ताना, मो ओवेश, मो आज़म, रियाज अहमद, जोहेब अहमद, नाजिम खान, शरद श्रीवास्तव, नसीम राईनी, फैजान खान, रेहान खान, शेख निजमुद्दीन, शेख इब्राहिम आदि ने मुबारक बाद दिया है।

### कलेक्टर ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

**मोहला।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गत दिनों 10 वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। कक्षा 10वीं में जिला ने राज्य स्तर पर तीसरा और 12वीं की परीक्षा में पाँचवां स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं के टॉप टेन में श्रेया उपाध्याय ने 95.50 फीसदी, भूमिका 94.83, नविषा कंवर 94.67, भूमिका वर्मा 94.67, कुंती 94.50, भाविका सलामे 94.33, ख्याति कुंभकार 94.17, लक्ष्मी बंदे 97.33, पुष्पांजलि नायक 97.00, मोहित देवांगन 96.33, एवं अखिल कुमार 96 रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में अशोक कुमार 91.60, शारदा 91.40, युवराज सिंह 90.40, प्रियंका साहू 90.40, सैयद रेहान अली 88.40, , जागृति साहू 88.20, कामेश्वरी 88, दिव्या मेश्राम 87.80, वेदिका देवांगन 87.40, शैलेश कुमार 87, यशवंतीण 86.80 शामिल है। इस उपलब्धि पर सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबेदंड में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

## एक ही रात को तीन घरों से लाखों की चोरी, सवालों के घेरे में पुलिस गश्त

■ गरीब तबके के घरों में चोरी से लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई के टिकरीपारा में एक ही रात को तीन घरों से एक लाख से अधिक का सोना चांदी और नगद चोरी होने की घटना से सनसनी फैल गई है। इस घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीनों ही घरों के मालिक रोजी-मजदूरी करने वाले हैं। घटना दौरान सभी घर से बाहर थे। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार करन निषाद, तखतराम निषाद और ओमकार वर्मा के घरों में 6 और 7 मई की दरमियानी रात को चोरी हुई। चोरों ने इन घरों से सोने-चांदी के जेवर और नकदी मिलाकर लगभग डेढ़ लाख का माल पार कर दिया है। करन निषाद अपनी पत्नी, बेटी और नतनीन के साथ टेकन देवांगन के ईंट भट्ठे पर काम करने गया था। गत 7 मई को पड़ोसी ने उन्हें घर के दरवाजे का ताला टूटने की सूचना दी। घर लौटने पर करन ने देखा कि कमरे का सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का ताला टूटा हुआ था।

चोर अलमारी से करीब 6 तोला चांदी के करधन, 8 तोला चांदी की साटी, 2 तोला चांदी के चूरे, 2 तोला चांदी की बिछिया और लॉकर में रखे 34 हजार ले गए है। उसके घर से लगभग 49 हजार के सामान की चोरी हुई है। इसी प्रकार तखत राम निषाद अपने दो बेटों के साथ नारायण साहू के ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। उन्हें भी 7 मई को घर का ताला टूटने की सूचना मिली। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि चोर उसके घर से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक मासा सोने की फुल्ली, करीब 3 मासा सोने की पत्ती और लॉकर में रखे 21 हजार 500 रुपए ले गए। लगभग 49 हजार 500 की चोरी हुई।

### श्रमिकों के घरों में चोरों का धावा

जानकारी के अनुसार ओमकार वर्मा अपनी पत्नी और भाई की पत्नी के साथ करीब 15-20 वर्षों से नागपुर में मजदूरी करता है। वह त्योहारों पर ही घर आता है। उसकी पत्नी और भाई की पत्नी 15 दिन पहले रिश्तेदार के घर शादी में आई थीं और अपने-अपने कमरे में जेवर रखकर नागपुर चली गई थीं। घर पर मां फुलबाई अकेली रहती हैं। गत 7 मई को फुलबाई ने फोन कर बताया कि रात में चोर घर में घुसकर दोनों बहुओं के कमरों में रखी पेटी और अलमारियों को तोड़ गए हैं। घर लौटने पर ओमकार ने देखा कि 30 तोला चांदी का करधन और भाई के कमरे की अलमारी तोड़कर 20 तोला चांदी के पायल, 3 ग्राम सोने का खिनवा और 2 ग्राम सोने की अंगूठी, कुल लगभग 48 हजार रुपये का सामान गायब है।

### दीवार फांदकर घुसे चोर

बताया जाता है कि चोर दीवार कूदकर घर में घुसे और अलमारियों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। एक ही रात में तीन घरों में हुई चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हॉस्पिटल भवन निर्माण की मांग



**डोंगरगढ़।** समाधान शिविर में जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिल चुकी है। स्टाफ भी है किंतु भवन के अभाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ नहीं हो पाया है। बोरतलाब के कर्मचारी डोंगरगढ़ में कार्यरत हैं। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को यथावत रखते हुए जल्द भवन निर्माण कराने की मांग किया। कलेक्टर ने बताया कि बजट में ही भवन स्वीकृत हो पाएगा।

## बारहवीं में योगिता, अनन्या रही आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव


पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा दसवी और बारहवीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12 वीं अंग्रेजी माध्यम विज्ञान संकाय से योगिता सोनकर ने 87.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, अनुष्का तिवारी ने 87.2 द्वितीय, लोकेश अहीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से अनन्या जैन ने 84.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, प्रीति साहू द्वितीय एवं हिमांशु राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवीं में राशि साहू ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम एवं जिले में 16 वाँ स्थान प्राप्त किया। तुलजा साहू द्वितीय एवं सिमरन साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




### लता को मिले सबसे ज्यादा अंक

हिंदी माध्यम 12 वीं विज्ञान संकाय की लता साहू ने 84.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, वंदना ने द्वितीय एवं कामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अनन्या जैन ने 77.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, खुशी द्वितीय एवं दिलेश्वरी सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में तामिनी ने 82.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, हिना निषाद द्वितीय, हिना सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं हिंदी माध्यम में सोनल जनबंधु ने 86.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, माही देवांगन द्वितीय एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सुभाष का सुयश



**राजा भानपुरी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी की कक्षा दसवीं के छात्र सुभाष साहू पिता संतोष कुमार साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरान्वित किया है। प्राचार्य ज्योति विनोद एवं स्टाफ ने उसे बधाई दी है।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया जन्मोत्सव

# महाराणा प्रताप के शौर्य को किया नमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर के महाराणा प्रताप चौक पर राजपूत समाज के लोगों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साह के साथ मनाया। चौक पर स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर लोगों ने महाराणा प्रताप और भारत माता का जयकारा लगाया। इस मौके पर जयकरण सिंह, जितेंद्रसिंह बैस, नवनीत सिंह चंदेल, सुनीलसिंह चंदेल, अनिलसिंह चंदेल, तेजकुमार सिंह, दौलत सिंह, पीयूष दुबे, जय वर्मा आदि मौजूद थे। अध्यक्षता कर रहे पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ने इस मौके पर महाराणा प्रताप के जीवन, देशभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में घास की रोटी खाना पसंद किया किन्तु किसी की अधीनता स्वीकार नहीं किया।

### धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

**गंडई पंडरिया।** उप समिति गंडई ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती धूमधाम से मनाया। उप समिति के अध्यक्ष ठाकुर जितेंद्र सिंह, पदाधिकारी और सदस्यों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाम को महिला, पुरुष और युवा मंडल के सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित कर प्रसादी वितरण किया। इस मौके पर विष्णुसिंह, शिव सिंह, अजयसिंह, दिलीपसिंह, भूपेंद्रसिंह, संतोषसिंह, पृथ्वीराज सिंह, बृजेश सिंह, हिमांशु सिंह, सचिव सुनीलसिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने महाराणा प्रताप के त्याग, शौर्य और बलिदान को याद किया।



## खबर संक्षेप



### व्यापारियों का व्यवस्थापन

**डोंगरगढ़।** गोल बाजार की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सड़क पर सब्जी दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों को पुरानी सब्जी मंडी में व्यवस्थित करने तथा पुराने थाने की खाली जगह को समतल कर व्यापारियों को व्यवस्थित करने का कार्य शुरू किया गया है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ और कर्मचारियों ने मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किया। दुकानदारों, ग्राहकों के लिए पानी टंकी, बाजार के अंदर नाली निर्माण और लाईट व्यवस्था करने कहा गया है। इस दौरान सभापति सुमित ताम्रकार, संतुराव अन्ना, हरीश भंडारी, बापी दादा, भरत ठाकुर, नरेश करसे, सरफु खान, आनंद अग्रवाल, सीटूसिंग सहित अन्य उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की पहली किस्त की राशि अंतरित



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पहली किस्त की राशि अंतरित की। उन्होंने मंत्रालय में वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में आवास निर्माण की पहली किस्त प्रति परिवार 40-40 हजार रुपए के मान से कुल 10 करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए। छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, सीएसपी राजनांदगांव एवं हितग्राही कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव से वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। राजनांदगांव जिला अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया से 3 परिवार एवं जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से 2 परिवार कुल 5 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत प्रथम किश्त की राशि जारी की गई।

### योगिता अध्यक्ष व थालेश्वरी बनी सचिव





**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाजसेवक के संयोजक संजीव सिंघल ने चौकी-मोहला-मानपुर जिले की मोहला तहसील की योगिता चौरे को समाज सेवक संघ का अध्यक्ष एवं थालेश्वरी डेहरी को मोहला तहसील का सचिव बनाया। इनकी नियुक्ति पर प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, उमा साहू, नेमिन देशमुख, लक्ष्मी निषाद, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहास देवांगन, भूषणलाल देवांगन, चंचल तिवारी, मनीष खंडेलवाल, देवदास साहू, अनामिका सिन्हा, हिमलेश्वरी साहू, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि ध्रुव, पूर्वी साहू, प्रार्ची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, चंचल साहू, खुलेन्द्र साहू, रेवती साहू, संगीता रावटे आदि ने शुभकामनाएं दी।

### गांव में लगी विभागीय योजनाओं के स्टाल में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

# मुढ़ीपार में सुशासन तिहार, शिकायतों के कम और मांग के ज्यादा आवेदन

## कलेक्टर और एसपी पहुंचे गांव, मौके पर निराकरण के साथ दिए कई निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने और पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ दिलाने के उद्देश्य से जारी सुशासन तिहार अंतर्गत ब्लाक के मुढ़ीपार में शिविर का आयोजन किया गया। जहॉं 318 आवेदन मिला, जिसमें मांग संबंधी 311 और शिकायत को लेकर 7 आवेदन मिला सभी आवेदनो का परीक्षण उपरांत नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल, एसपी त्रिलोक बंसल, डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित पूर्व जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू, जिपं सभापति अरुणा सिंह बनाफर, जिपं सदस्य भुनेश्वरी जीवन देवांगन, जनपद सभापति शैलेंद्र मिश्रा, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, शैलेंद्र त्रिपाठी, पुरुषोत्तम देवांगन, नरोत्तम सिंहा, सरपंच कुमेश साहू सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

### हर शिविर में होगा समाधान काउंटर

छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलन बाद कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि जब से मैंने इस जिले में कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला है, मुढ़ीपार पंचायत में बार बार आने का अवसर मिल रहा है। पिछली बार यह बात सामने आई थी कि आपके द्वारा दिए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी समय पर आपको नहीं मिल पा रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए अब प्रत्येक शिविर में एक विशेष समाधान काउंटर स्थापित किया गया है, जहा आवेदनों की स्थिति और समाधान की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानपाठ बैराज के को लेकर उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्च स्तरीय अधिकारियों की एक टीम जांच के लिए जल्द बैराज पहुॅंचेगी। निर्माण, मरम्मत संधारण को लेकर आवश्यक प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। महाविद्यालय की मांग पर उन्होंने सर्वेक्षण कर आवश्यक कारवाई शुरू करने का भरोसा दिया। कलेक्टर श्री सिंह ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी से अनुरोध किया कि वे अपने घरों में सोख्ता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनवाएं। जल है तो कल है इसलिए हमें जल संचयन के प्रति गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों से विशेष आग्रह किया कि वे भी सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर इस अभियान में भाग लें, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें।

### हितग्राहियों को मिला सामान

शिविर में कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म पूरी कर उन्हें सुपोषण टोकरी दी गई। शिविर में आधार व आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क जांच व दवाई का वितरण किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें खाद्य विभाग द्वारा 5 को राशन कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा 2 को जाल, कृषि विभाग द्वारा 5 को अरहर बीज, उद्यानिकी विभाग द्वारा केला व पपीता के क्षेत्र विस्तार को लेकर 4 लोगों को चेक, पंचायत विभाग द्वारा 10 को जॉब कार्ड, 4 को पीएम आवास की चाबी, दो हितग्राहियो को वय वंदन कार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, तहसीलदार आशीष कुमार देवहारी, जनपद सीईओ नारायण बंजारा सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## योजनाओं का ग्रामीणों को मिला सीधा लाभ



### संतोष और पद्मा के जीवन में आई नई रोशनी

शिविर में स्थानीय नागरिकों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। इसी कड़ी में मुढ़ीपार निवासी संतोष सिंह और पद्मा साहू ने शिविर में श्रम कार्ड पंजीयन को आवेदन किया, जिस पर शासन ने तत्परता दिखाते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर के दौरान ही दोनों का श्रम कार्ड जारी कर दिया। त्वरित सेवा के लिए दोनो ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रम कार्ड के अभाव में उन्हें रोजी-मजदूरी के कार्यों में उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा था। अब कार्ड होने से वे श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

### महाजाल से बदली जिंदगी, रूपलाल और राजेश की नई शुरूआत

शिविर ने ब्लाक के ग्राम खपरी तेली और खपरी सिंदर के दो ग्रामीण रूपलाल निषाद और राजेश निषाद के जीवन को नई दिशा दी है। दोनों ने मछली पालन के लिए शासन से सहायता प्राप्त करने समाधान शिविर में आवेदन किया। उनकी आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने शिविर में उन्हें तुरंत महाजाल फिशिंग नेट प्रदान किया। पहले ये दोनों पारंपरिक और सीमित साधनों से मछली पकड़ते थे जिससे उन्हें मेहनत के अनुपात में बहुत कम आय होती थी लेकिन अब महाजाल की सहायता से वे अधिक मात्रा में मछली पकडने में सक्षम हो सकेंगे। इससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी और जीवन में आर्थिक स्थिरता आएगी। दोनो ने शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सहायता हमारे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। अब हमें अपने परिवार के भविष्य को लेकर चिंता नहीं है। मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक प्रदीप भोले ने बताया कि शासन की प्रतिबद्धता है कि ग्रामीणों को उनकी जरूरत के अनुसार योजनाओं का लाभ सीधे और त्वरित रूप से मिले। सुशासन तिहार इसका सशक्त माध्यम बन रहा है।

### मुढ़ीपार में थाना खोलने जारी है पत्र व्यवहार

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने समाधान शिविर के उद्देश्य को विस्तार से बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों तक पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता के साथ पहुँचाना है। सुशासन तिहार या उत्सव प्रशासन और जनता के बीच संवाद, विश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित है। उन्होंने मुढ़ीपार में थाने की मांग पर कहा कि अभी गातापार जंगल में थाना संचालित है लेकिन दूरी होनें के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही, मुढ़ीपार मे थाने की स्थापना को लेकर शासन स्तर पर पत्र व्यवहार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने गाड़ी चलाते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की अपील की। साइबर अपराध पर प्रकाश डालते हुए जागरूक रहने तथा किसी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों संबंधित फोन कॉल आने पर सतर्क रहने की अपील की। इसी क्रम में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और व्यापक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य सरकार की एक दूरदर्शी व महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका मूल उद्देश्य शासन तंत्र को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी, संवेदनशील और जनहितैषी बनाना है। सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनांदोलन है, जिसके माध्यम से शासन और आमजन के मध्य विश्वास, संवाद और सहभागिता की एक सशक्त कड़ी स्थापित की जा रही है।

# कमला कॉलेज में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

- प्रशिक्षण में शामिल हुए कई खिलाड़ी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में 7 से 29 अप्रैल तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कबड्डी, बैडमिंटन, योग, तीरंदाजी आदि खेल में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण शिविर स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे बैडमिंटन हॉल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख डॉ. आलोक मिश्रा शामिल थे। समारोह में कबड्डी प्रशिक्षक ललित साहू, संजय शाह मंडावी, तीरंदाजी कोच राहुल साहू, कुशल रजत, योग शिक्षक खिलेन्द्र सोनी एवं देशमुख मौजूद थे।



### राष्ट्रीय स्तर पर नाम करें रौशन

समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने खिलाड़ियों के शिविर में भाग लेने पर खुशी जाहिर की एवं सभी प्रशिक्षकों की सराहना की। उन्होंने सुबह एवं शाम खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने समय निकाला। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने जानकारी दी कि कबड्डी प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के बहुत से खिलाड़ी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं एवं कबड्डी एवं तीरंदाजी में विगत कई वर्षों से कमला कॉलेज की छात्राएं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करती आ रही है। समापन समारोह में कुल 75 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं ललित साहू, संजय शाह मंडावी कबड्डी कोच एवं राहुल साहू, कुशल रजत तीरंदाजी कोच के स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### स्वच्छता तिहार का आयोजन

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मासूलकसा के आश्रित ग्राम आमाकट्टा में जल संवर्धन के तहत नाला में बोरी बंधान, जल संगोष्ठी एवं स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने अभियान चलाकर ग्राम की सभी सार्वजनिक स्थलों, तालाबों का श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। गांव में बहने वाली बरसाती नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान किया। बारिश के पानी के एक-एक बूंदों को सहेजने, भू-जल स्तर को सुधारने, जल संरक्षण हेतु प्रभावी पहल की गई। ग्रामीणों एवं महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा स्वच्छता रैली निकली गई। नाला बंधान के बाद जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा करने, घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, सोख्ता बनाने अपील की गई। साथ ही ग्रामीणों को जल शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य जैमूनबाई कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू एवं जनपद छुरिया के अधिकारी-कर्मचारी, बिहान की महिला समूह तथा ग्राम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गातापार में नीर नारी जल यात्रा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

आज सोचने के लिए बैठे हैं, पानी को कैसे बचाए, आज पानी नीचे की ओर जा रहा है, बोर काम नहीं कर रहा है। उक्त बातें हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा ग्राम गातापार, धर्मापुर के कार्यक्रम में पद्मश्री फुलबासन यादव ने कही।

उन्होंने बताया हमें कैसे पानी को बचाना है, आज चिंतन करने के लिए कार्यक्रम हो रहा है। घर से गली में बहते पानी को रोकने सोखता गड्ढा बनाने की आवश्यकता है, गांव में छोटे बड़े नाले हैं, उसे नाला बंधान कर पानी को रोककर सिंचाई के साथ जल संचय कर सकते हैं। आज अधिकांश गांव में पंचायत के माध्यम से टैंकर एवं बोर से पानी दिया जा रहा है। वहीं बोर से पाइप से घर घर तक पहुंचाने में असफल होते दिख रहा है, उसका प्रमुख कारण जहां बोर से लगे किसान पानी मिलने से वे अपनी रोज लगने वाले पानी के अलावा अपने बाड़ी में साग-सब्जी लगाने से दूसरे को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। साथ ही लोग पानी से सभी कार्य करने के चलते वाटर लेवल कम हो रहा है। हमें तालाब के पानी से नहाने, कपड़ा धोने से पानी की बचत हो सकता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, सरपंच मार्कण्डेय ने भी संबोधित करते जल के लिए सोखता गड्ढा, डबरी, नाला बंधान करने के अलावा फलदार पौधा लगाए, ताकि बरसात के पानी का संरक्षण एवं संवर्धन कर सकें। इस दौरान बिहान के बीपीएम सुशील श्रीवास्तव, बिहान समूह, कैडर, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, मां बम्लेश्वरी समूह एवं ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।




### निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र करें पूर्ण

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कार्यों में तेजी लाने जिला पंचायत सभाकक्ष में नोडल अधिकारी, उप अभियंता, तकनीकी सहायक और मनरेगा कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दिए गए जिम्मेदारियों को गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने कहा। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 मई 2025 तक अपूर्ण आवासों की स्थिति को पूरी तरह से सुधारने का आदेश दिया। इसके अलावा नए आवासों की स्वीकृति और छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के नाम आवास प्लस में जोड़ने की प्रक्रिया को भी त्वरित गति से पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से वर्ष 2023 तक स्वीकृत शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण करें।

# कान्फ्लुएंस में जागरूकता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस महाविद्यालय के उत्पीड़न कमेटी द्वारा यौन उत्पीड़न जागरूकता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के समक्ष एक लघु फिल्म द्वारा समाज एवं बच्चों के समक्ष हो रहे दुर्व्यवहारों को दूर करने हेतु जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इसके बारे में शिक्षित करने रखा गया। यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार हर जगह बच्चों को प्रभावित करता है। ज्यादातर दुर्व्यवहार बच्चे के भरोसे के दायरे में होता है। कई मामलों में इसकी कभी पुलिस को रिपोर्ट नहीं की जाती। पीड़ितों/जीवित बचे लोगों के अनुसार, दुर्व्यवहार के खुलासे या रिपोर्ट करने में आम बाधाएं शर्म और कलंक की भावनाएं है। नतीजतन वे इस आघात से उबरने के लिए मदद या सहायता प्राप्त करने में असमर्थ है। इसका यह भी मतलब है कि अपराधी बिना सजा के रह जाते हैं। जिससे उसी या अन्य बच्चों के साथ और भी दुर्व्यवहार हो सकता है।



### बच्चों को किया जागरूक

इस लघु फिल्म के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बताया गया कि बच्चों को कैसे जागरूक करना है। अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श के बारे में बताना एवं उन्हें समझने के तरीके के बारे में समझाया गया। इसी प्रकार इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते कहा कि समाज को स्वच्छ बनाना हमारा कर्तव्य है एवं समाज में हो रहे दुष्कर्मों को दूर करके वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखने को कहा। साथ ही इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे।

### नगर पंचायत द्वारा आयोजित शिविर में उमड़ी भीड़

# समाधान शिविर में आवेदनों का निराकरण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत छुईखदान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के पूर्व नगर के वार्डों में कैंप लगाकर नागरिकों से आवेदन लिया गया था। शहर के लोगों ने कुल 1239 आवेदन दिए थे, जिसमें राजस्व विभाग के 849, खाद्य विभाग के 47 नगरी निकाय के 289, महिला एवं बाल विभाग के 41, बिजली विभाग के 6, शिक्षा विभाग के 2, जल संसाधन विभाग के 1, पशु पालन विभाग 2, जिला कार्यालय 1, लोक निर्माण विभाग का 1 आवेदन प्राप्त हुआ था। प्राप्त आवेदन में 1164 मांग और 28 आवेदन शिकायतों के थे। समाधान शिविर में एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, सीएमओ कमल नारायण जंघेल, रेंजर अशोक वैष्णव सहित अन्य ने शामिल होकर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजा गिरिराज किशोर दास, शैलेन्द्र तिवारी, निशांत वैष्णव, पन्ना मंडावी, नवनीत जैन, भावेश कोचर, रोशन चंद्राकर, प्रशांत चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, टंडन, भागी कुंभकार, मुकेश वैष्णव, मोहन सार्वा सहित अन्य उपस्थित थे।




### कई योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, सहकारिता, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में एसडीएम और तहसीलदार आदि ने सुपोषण टोकरी का वितरण किया।



## सार समाचार

### चिल्हर की किल्लत पर चेंबर ने एक्शन लिया



**राजनांदगांव।** लंबे समय से व्यापार के क्षेत्र में चिल्हर की किल्लत बनी हुई है। जिसके चलते ग्राहकों एवं व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस किल्लत को दूर करने चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल एवं प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी ने पहल करते भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसी के प्रबंधक से बातचीत की और इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिसके बाद दोनों बैंक के प्रबंधकों के माध्यम से आश्वासन मिला कि जल्द ही समस्या से निजात मिल जाएगी। चेंबर के नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में चेंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से चिल्लर की समस्या को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिससे व्यापारियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

### कोकपुर में 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा 22 से



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम कोकपुर में 22 से 28 मई तक 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इसमें व्यास पीठ से प्रवचनकर्ता राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर/देवभोग होंगे। 22 मई को कलश यात्रा, शिवमहापुराण की महत्तम वर्णन, 23 मई को शिव पूजन विधि भस्मधारण रुद्राक्ष की महिमा, ब्रम्हनारद संवाद, नारदमोक्ष, 24 मई को पार्थिव पूजन विधि, दक्ष के तप शिव का वरदान सती जन्म, 25 मई को शिव विवाह, सती देहत्याग सतीमोह रामकथा गंगा उत्पत्ति की कथा पार्वती जन्म, पार्वती जप, 26 मई को कामदेव चरित्र, शिव विवाह, गणेश जन्म, अंधकासुर की कथा, कृष्ण कथा, वाणासुर की कथा, 27 मई को शिव के विभिन्न रूप की कथाए शिव महापुराण का साराए विल्व वर्षाए नगर भ्रमण एवं 26 मई को गीता दानए कपिला तर्पणए पुर्णाहुति व ब्राम्हण भोज होंगे। कथा बाजार चौक कापरेटिव बैंक के पास रखा गया है। कथा समय प्रतिदिन 3 से 7 बजे तक रखा गया है।

### स्कूल शिक्षा सचिव से फेडरेशन ने की मुलाकात



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में छग संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपनी टीम के साथ राज्य के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की। फेडरेशन ने वर्तमान में हो रहे युक्त युक्तिकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग की।

### गायत्री विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचनबाग कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं गणित संकाय में प्रथम रेणुका देवांगन 91.2 प्रतिशत, द्वितीय गीतेश्वरी चन्द्रवंशी 78 प्रतिशत, तृतीय तुषार शेण्डे 76.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में प्रथम निखिल गुप्ता 80.6 प्रतिशत, द्वितीय प्रियंका साहू 80.2 प्रतिशत, तृतीय माही गुप्ता 78 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में प्रथम तनु साहू 77.8 प्रतिशत, द्वितीय विभा सोनकर 71.8 प्रतिशत, तृतीय ख्याति पटेल 71.4 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में प्रथम गीतिका साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय हिमांशी साहू 89.66 प्रतिशत, तृतीय निहारिका रजक 89.33 प्रतिशत रहा। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों एवं माता-पिता को दिया।

### जिले की मेधा सूची में दिव्यंका यादव ने मारी बाजी



**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दिव्यंका यादव जो अन्नू यादव और प्रकाश यादव की पुत्री हैं, ने जिले की मेधा सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दिव्यंका ने 600 में से 583 अंक प्राप्त किए हैं और राज्य की मेधा सूची में 13वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य सोनल अंजुरियो और सेवानिवृत्त प्राचार्य सुषमा शुक्ला ने दिव्यंका और उनके माता-पिता को बधाई दी है। उन्होंने दिव्यंका की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बाढ़-आपदा से बचाव व मॉकड्रिल का आयोजन

**राजनांदगांव।** नगर सेना बाढ़ बचाव दल के जवानों द्वारा वर्षाकाल को देखते दिग्विजय कॉलेज के पास रानीसागर तालाब में बाढ़ व आपदा से



बचाव एवं मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं की टीम एवं बाढ़ आपदा की टीम द्वारा बाढ़ आपदा सामग्री, लाइफ जैकेट, रस्सी, बोट, ओबीएम मशीन उपकरणों की जांच करने के पश्चात मॉक एक्सर साइज का अभ्यास किया गया। बाढ़ आपदा टीम द्वारा अभ्यास के दौरान आपदा सामग्री का संचालन एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टीम द्वारा आपदा के समय स्वयं और दूसरों की जीवन रक्षा एवं सुरक्षित रहने के संबंध में जानकारी दी गई। बचाव और पुनर्वास प्रयासों के साथ-साथ भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। जिला स्तरीय अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की टीम तथा बाढ़ आपदा की टीम, आपदा मित्र की टीम द्वारा सयुंक्त रूप से मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। संयुक्त मॉक एक्सरसाइज में जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी एके सिंह, नायब तहसीलदार राकेश नागवंशी, नगर सेना बाढ़ आपदा प्रभारी दिलीप साहू, फायर स्टेशन प्रभारी नायक विमल दास वैष्णव सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## मोहारा जलसंयंत्र गृह देख नदी में पानी के संग्रहण की ली जानकारी

# सुबह नगर भ्रमण में निकले महापौर के साथ कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्र में शासन द्वारा स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन करने स्थल निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे विभागीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को शहर भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा व आलोक श्रोती, पार्षद प्रियंका पंकज कुरंजेकर उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मोहारा जल संयंत्र गृह का निरीक्षण कर नदी में पानी की स्थिति एवं सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम सहित नगर निगम, राजस्व एवं राजगामी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



**योजना की स्वीकृति अनुसार स्थल चयन :** कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि योजना की स्वीकृति अनुसार स्थल चयन करना है और मापदंड के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाना है। उन्होंने राजस्व, राजगामी एवं नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि उक्त भूमि के अलावा निकाय क्षेत्र में आपके विभाग के अधीन शहर की रिक्त भूमि की संपूर्ण जानकारी नक्शा-खसरा सहित प्रस्तुत करें। जिससे योजना को मूर्त रूप दिया जा सके।

### टैंकर से पानी सप्लाई

भ्रमण के दौरान महापौर यादव व कलेक्टर डॉ. भुरे मोहारा स्थित जल संयंत्र गृह का निरीक्षण किया। महापौर यादव ने कहा कि मोंगरा से पानी लिया जा रहा है, जो एनीकट में पहुंच गया है। जिससे लगभग एक माह पानी आपूर्ति की जा सकती है। कलेक्टर भुरे ने मोहारा एनीकट में पानी संग्रहण की जानकारी लेकर कहा कि प्लांट में आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखें तथा जल संकट वाले क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें।

### सीमा क्षेत्र के नागरिकों की सुविधाओं के लिए विभिन्न घोषणाएं

महापौर यादव ने कहा कि शासन द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई है। जिसका धरातल में क्रियान्वयन करने स्थल चयन किया जा रहा है। योजनाओ में हॉकी एकेडमी, नालंदा परिसर, सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम निर्माण, थोक मार्केट जैसे अन्य कार्य के लिए स्थल चयन कर निर्माण किया जाना है, ताकि निर्माण उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मंशानुरूप राजनांदगांव की जनता को लाभ मिल सके। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर के साथ उर्जा पार्क के बाजू, कुंज विहार कालोनी में कृष्ण कुंज के बाजू तथा मोहारा बाईपास रोड के शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया। भूमि उपलब्धता के आधार पर योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार कल 10 मई को राजनांदगांव जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सुषमा सावंत ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं, संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

### 11 को उदयाचल का 57वां वार्षिकोत्सव



**राजनांदगांव।** समाजसेवी संस्था उदयाचल का 57वां वार्षिकोत्सव 11 मई को संध्या 7.30 बजे उदयाचल परिसर में मनाया जाएगा। समारोह में रायपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी विनय लूनिया का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

समारोह अध्यक्ष के रूप में समाजसेवी अशोक पटवा होंगे। शपथ अधिकारी के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शांतिलाल बरड़िया होंगे। इस अवसर पर उदयाचल द्वारा दिनेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अमित मेहता का उदयाचल मानद सदस्य के रूप में सम्मान किया जाएगा। उदयाचल अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना एवं सचिव अतुल रायचा ने बताया कि उदयाचल को सतत एवं सक्रिय रूप से सहयोग देने वाले व्यक्तियों को उदयाचल मित्र सम्मान से नवाजा जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के जनसंपर्क अधिकारी गौतम बाफना ने दी।

## सिंगी युगांतर के नए चेयरमैन मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्रबंध समिति की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें अजय सिंगी को शैक्षणिक सत्र 2025-26 तथा 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से चेयरमैन के रूप मनोनीत किया गया। चेयरमैन का दायित्व संभालते अजय सिंगी ने कहा कि हम टीचिंग और नान टीचिंग स्टॉफ और प्रबंध समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से संस्था को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर ले जाएंगे।



इनके अलावा प्रबंध समिति में वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा सर्वसम्मति से मनोनीत हुए हैं। उन्होंने कहा है कि हम युगांतर को प्रगति के पथ अग्रसर करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और हम सभी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने शुभकामनाएं देते कहा है कि विद्यालय की नई कार्यकारिणी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, प्रबंध समिति के सभी सदस्यों तथा टीचिंग और नान टीचिंग स्टॉफ ने अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, विनय डड्ढा, मिश्रीलाल गोलछा को बधाई देते असीम सहयोग प्रदान करने का संकल्प दोहराया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**राजनांदगांव।** महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर राजपूत क्षत्रीय महासभा द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरूआत मां शीतला मंदिर परिसर से की गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी सभागृह में पहुंचकर संपन्न हुए। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शहर में निकली शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं महापौर मधुसूदन यादव भी शोभायात्रा में शामिल हुए और पूजा अर्चना की । शोभायात्रा के आयोजन को लेकर समाज के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप हमारे आराध्य देव है और उनकी जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। वहीं समाज के पदाधिकारी आदर्श सिंह ठाकुर ने बताया कि लगभग 9 वर्षों से शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन होता है ।

### बेटियों ने दिखाया शौर्य

महाराणा प्रताप जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में शामिल हुई बेटियों ने हाथों में तलवार लेकर युद्ध कौशल प्रदर्शित करते हुए अपने साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया।

### आदर्शों पर चलने की ली प्रेरणा

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के दिखाएं मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## सैनिकों के लिए सकारात्मक भूमिका निभाए चेंबर ऑफ कॉमर्स : अभिषेक



**राजनांदगांव।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद एवं प्रदेश महामंत्री तरूण लहरवानी के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ों व्यापारी पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद, तरुण लहरवानी व आलोक बिंदल को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने चेंबर ऑफ कॉमर्स से अपेक्षा की कि वर्तमान परिदृश्य में देश की परिस्थितियों पर चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से देश की जांबाज सेना के जवानों के उत्साहवर्धन हेतु लोगों में देश के प्रति भाव जागृत हो और देश हित में सोशल मीडिया में अनर्गल बातों को न प्रसारित करने का सादर निवेदन करते इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान करते व्यापारियों की एकता पर अभिषेक सिंह ने हर्ष व्यक्त किया। अंत में चेंबर के जो नियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद ने अभिषेक सिंह को महत्वपूर्ण सुझाव के लिए धन्यवाद दिया और अमल करने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हसमुख भाई रायचा, शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनोद बोहरा, सुरेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, भीमन धनवानी, रानू जैन, बलविंदर बग्गा, ललित भंसाली, मनोज कोटडिया, हरीश मोटलानी, अनिल वैद्य, राजकुमार वेद, दीपक नौलखा, महेंद्र सुराणा, प्रवीण सेठिया, मयूर ललवानी, ज्ञानू नवलखा, राजेश सोनी, संतोष सोनी, गोल्डी बरडिया, अरुण, नरेश बावरिया, चंदन रूचंदानी, राजेश सोनी, दीपक नवलखा सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अमर लालवानी एवं आभार प्रदर्शन राजकुमार वैद्य ने किया।






## खबर संक्षेप

### सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा का परीक्षा परिणाम रहा 90-99 प्रतिशत




**हरिभूमि कुण्डा।** सरदार पब्लिक हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा में परीक्षा परिणाम शिक्षा सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित किया गया। जिसमें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा 12वीं में 90 व कक्षा 10वीं का 99 प्रतिशत परिणाम रहा, वहीं कक्षा 12वीं की छात्रा अंशिका यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा दसवीं का छात्र गौतम चंद्रवंशी 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सात वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय सरदार पब्लिक हायर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा व अपने माता-पिता एवं विद्यालय प्रबंधन तथा शिक्षकों का नाम रौशन किया। उनकी इस सफलता के लिए विद्यालय के चेयरमेन सुरेंद्र सिंह छाबड़ा एवं प्राचार्या सिमरन कौर मक्कड़ तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### सोमनापुर स्कूल के परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा

**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 7 मई को घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा में जिले के विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया के कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा है। जहां अध्ययनरत छात्र छात्राओ की दर्ज संख्या 75 में से 74 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिसमें से 53 प्रथम श्रेणी, 20 द्वितीय श्रेणी एवं 1 तृतीय श्रेणी एवं एक विद्यार्थी पूरक प्राप्त किए है। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिस पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियो की कड़ी मेहनत का परिणाम है। वहीं प्राचार्य संतोष कुमार साहू ने बताया कि इस संस्था मे बालिकाओं की संख्या ज्यादा रहता है। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योगा, विविध प्रतिस्पर्धा, शैक्षिक गतिविधियों व प्रतियोगिता, खेल आधारित शिक्षा का आयोजन किया जाता हैं। कमजोर बच्चो के लिए उपचारात्मक शिक्षा कारगर साबित हुआ। इस वर्ष 10वी बोर्ड परीक्षा मे सर्वाधिक अंक विमल पटेल ने 95.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम व जिले में 10 वे स्थान पर टॉप किया है। इसी प्रकार खिलेश्वर पटेल ने 92.50 प्रतिशत, उमाशंकर पटेल ने 90.50 प्रतिशत, प्रतिमा पटेल 85 प्रतिशत, गायत्री साहू ने 90 प्रतिशत, गोपी किशन ने 90 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हुए। जिस पर उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को इस सफलता पर प्राचार्य संतोष कुमार साहू, व्याख्याता योगेश कुमार गुरुदीवान, महेंद्र कुमार, ज्योति ध्रुव, शकुन पाटले, प्रधान पाठक पवन कुमार चांदसे, कमल पटेल, पलटन पटेल, भगत राम, शिक्षक महेश जायसवाल ने बधाई दी।

### महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती मनाई गई

# सनातन धर्म के रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का किया गया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक, सनातन धर्म रक्षक, युग-पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती ग्राम खैरझिटी में मनाई गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सनातन धर्म के रक्षक, युग-पुरुष महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए जयघोष के नारे भी लगाए, जो पूरे क्षेत्र में गूंज उठे। अतिथियों ने महाराणा प्रताप के भव्य मूर्ति में दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह शुक्रवार को जिले के ग्राम खैरझिटी में महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह रमन सिंह के पहुंचने पर राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की स्मृति चिन्ह, शस्त्र भेंटकर और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव सियाराम साहू, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कवर्धा युवराज मैकलेश्वर राज सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, रोशन दुबे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह व पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने महाराणा प्रताप के संघर्ष और वीरता को याद करते हुए कहा कि उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से महाराणा प्रताप के जीवन की संघर्षो का जिक्र करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि के लिए जो अनगिनत त्याग किए, वह कभी भुलाए नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह ने अरावली की पहाड़ियों और मेवाड़ के घने-जंगलों में रहकर अपने लोगों को संगठित किया और अकबर की सत्ता को चुनौती दी। उनकी वीरता का वास्तविक कारण यह नहीं था कि उन्होंने अकबर को हराया, बल्कि वे इस वजह से महान हैं। क्योंकि उन्होंने कभी भी अकबर के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह के सेना में ऐसी शक्ति थी, कि वह अपनी एक छोटी सी सेना के साथ लाखों सैनिकों को चुनौती देने की क्षमता रखते थे। उनका साहस और संघर्ष न केवल उनके समय में बल्कि आज भी प्रेरणा देता है। उन्होने महाराणा प्रताप के संघर्ष और वीरता पर प्रकाश डालते हुए एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बिकानेर के राजकुमार पृथ्वीराज ने महाराणा प्रताप को एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उसने समर्पण की पेशकश की थी, लेकिन महाराणा प्रताप ने जिस साहस और सम्मान के साथ उस चिट्ठी का जवाब दिया, वह इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में दर्ज हुआ है। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। जिनकी पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों को उन्होंने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मिशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह मिशन पाकिस्तान की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब है और देश की सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री की दृढ़ निष्ठा को दर्शाता है।

### महाराणा प्रताप का नाम भारतीय इतिहास में वीरता और साहस का प्रतीकः संतोष पाण्डेय



सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप की वीरता और उनके अद्वितीय साहस को याद करते हुए कहा कि जब भी हम महाराणा प्रताप का नाम लेते हैं, तो सबसे पहले उनके घोड़े चेतक, उनकी तलवार और भाले का ख्याल आता है। महाराणा प्रताप का नाम भारतीय इतिहास में उस वीरता और साहस का प्रतीक है, जिसे हम कभी भी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने पराधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अकबर की सत्ता को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि उसे नकारते हुए घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन कभी भी अपनी मातृभूमि और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक बार जब राणा प्रताप का तलवार चलता था, तो यह किसी भी युद्ध भूमि को संजीवनी शक्ति दे देता था। उनका एक-एक कदम सशक्त और देशभक्ति से प्रेरित था। महाराणा प्रताप ने कभी भी अकबर के सामने सिर नहीं झुकाया और उनका यह संघर्ष हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि आज हमें अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को इन महान शूर-वीरों की वीरता और त्याग के बारे में बताना चाहिए। अगर हमें अपने समाज में साहस और समर्पण की भावना को मजबूत करना है, तो हमें महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज और हमारे अन्य महापुरुषों को अपना आदर्श बनाना चाहिए। उन्होंने राजपूत क्षत्रिय समाज की अग्रणी भूमिका को भी सराहा और कहा कि राजपूत समाज हमेशा से ही अपनी वीरता और राष्ट्रभक्ति के लिए जाना जाता है। उनका इतिहास प्रेरणा से भरा हुआ है और उन्होंने हमेशा अपने धर्म और कर्तव्य के प्रति निष्ठा निभाई है।

### महाराणा प्रताप के साहस, संघर्षो का प्रतीकः विधायक भावना

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने महाराणा प्रताप के जयघोष के नारे से अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज जिस भव्य मूर्ति का अनावरण हम देख रहे हैं, वह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि महाराणा प्रताप के साहस, वीरता और उनके द्वारा की गई महानतम संघर्षो का प्रतीक है। यह मूर्ति हम सभी को प्रेरणा देती है और हम सभी के मन में एक अलग ही ऊर्जा उत्पन्न करती है। जब हम महाराणा प्रताप की मूर्ति को देखते हैं, तो उनका संघर्ष, उनकी निष्ठा और उनका बलिदान हमारे दिलों में एक नई जागरूकता और गौरव का अनुभव कराता है। विधायक श्रीमती बोहरा ने आगे कहा कि महाराणा प्रताप का इतिहास हम सभी को जानना चाहिए और हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी यह बताना चाहिए कि किस प्रकार महाराणा प्रताप सिंह ने अपनी 20 हजार की सेना के साथ 80 हजार की विशाल मुगल सेना से वीरता से लड़ा। यह केवल एक युद्ध नहीं था, बल्कि यह कर्तव्य, सम्मान और मातृभूमि के प्रति अडिग निष्ठा थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए और उन वीरों को आदर्श मानकर अपने जीवन में उनके जैसे साहस, समर्पण और संघर्ष को अपनाना चाहिए। हम सभी हिंदुओं को एकजुट होकर कंधे से कंधा मिलाकर अपने समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए काम करना है।

# महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती पर फल वितरण व पौधारोपण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

राजपूत क्षत्रिय समाज रहटादह द्वारा शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नगर में अनेक कार्यक्रम किए गए, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में भर्ती मरीजों को फल, बिस्किट वितरीत किया गया। जिसके पश्चात महाराणा प्रताप भवन में कार्यक्रम आयोजित कर पूजा-अर्चना की गई। जहां महाराणा प्रताप के शौर्य गाथाओं व आदर्शो के संबंध के बताया गया। उपसमिति पंडरिया अध्यक्ष प्रशांत सिंह ठाकुर में महाराणा प्रताप के जीवनी के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कमजोर व शोषित लोगों की सुरक्षा की। महाराणा प्रताप साहस बलिदान, और अटूट देशभक्ति की प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने मुगल साम्राज्य के सामने झुकने से इनकार कर दिया तथा देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, जितेंद्र सिंह ठाकुर, रविकांत सिंह, गोरे सिंह, सुरेश सिंह, अनिरुद्ध सिंह ठाकुर, रामकिशोर सिंह, मोहन सिंह व सौम्या सिंह ठाकुर द्वारा पौध-रोपण किया गया जिसमें उपसमिति के सदस्यों द्वारा नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ मैनपुरा स्थित तालाब के पास बरगद व पीपल का एक पौध-रोपण किया। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समिति के मोहन सिंह राजपूत, रविकांत सिंह, जितेंद्र सिंह ठाकुर, अनुराग ठाकुर, हमीद खान, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव, राजेश शर्मा व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में शामिल हुईं विधायक बोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव/कुण्डा

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अंतरिया दामापुर बाजार में भक्त माता कर्मा मंदिर प्रांगण में मण्डल साहू समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी समाज के द्वारा भव्य 11 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का आयोजन 28 अप्रैल से 8 मई तक तक आयोजित किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती भावना बोहरा का सामाजिक व ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया, जिस पर विधायक श्रीमती भावना ने श्रीलक्ष्मी नारायण पर विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना करते हुए आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी। श्रीमती भावना बोहरा ने यज्ञ आयोजन का सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एवं गांव को जोड़ने की कार्य करता है, समय-समय पर धार्मिक कार्य का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे गांव एवं क्षेत्र के आसपास सुख-शांति व समृद्धि बना रहता है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गजपाल साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष जैजेराम साहू, यज्ञ समिति अध्यक्ष मनहरण साहू, धर्मराज साहू, नरेश साहू, ललित साहू, सुदर्शन साहू एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### असफिया खान 96.6 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं दुर्गेश को मिला 94.5 प्रतिशत अंक

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 7 मई को कक्षा 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम की घोषणा के पश्चात विद्यार्थियों मे खुशी की लहर दौड़ गई। नगर के कचहरी पारा कवर्धा



स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा असफिया खान ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं 94.5 प्रतिशत अंक के साथ दुर्गेश चंद्रवंशी द्वितीय स्थान पर रहे साथ ही 93.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नैतिक पाण्डेय एवं प्रियांशु यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वही कक्षा 12वीं में यामिनी कुम्भकार (विज्ञान संकाय) 86 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही एवं प्रीति रानी (विज्ञान संकाय) ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कक्षा दसवीं में अध्ययनरत कुल 47 विद्यार्थियों में 87.23 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। वहीं कक्षा 12वीं में 86.66 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 12वीं गणित संकाय के कुल दर्ज 09 विद्यार्थियों में सभी ने प्रथम स्थान के साथ उत्तीर्ण रहकर शत प्रतिशत सफलता दर्ज की तथा विज्ञान संकाय का परीक्षाफल 80.95 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 70.45 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में 93.10 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 12वीं कला संकाय में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 98.4 व 12वीं विज्ञान में 88.46 प्रतिशत तथा 12वीं वाणिज्य में 90 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहें। कक्षा 12 वीं में छात्रा सुखमनी 87.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, धनेश्वरी 86 प्रतशित के साथ द्वितीय तथा धनेश्वरी 86.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं कक्षा 10 वीं की छात्रा सुमनिता ने 88.17 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान तथा पूनम राजपूत ने 87.17 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय को दिया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य आरएस धुर्वे, वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार शुक्ला, संतोष कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार पाण्डेय, तुषार सिंह राजपूत, गजेंद्र पाण्डेय सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यामिनी कुम्भकार ने 86 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 7 मई को कक्षा 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम की घोषणा गई। जिसमें स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कचहरी पारा कवर्धा की छात्रा यामिनी कुम्भकार कक्षा 12 वी मे 86 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर माता-पिता व परिजनों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। उनके इस उपलब्धि पर शिक्षक शिक्षिकाओं व पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिले के युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

# डिप्टी सीएम 10 मई को शुभारंभ करेंगे भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क पीएससी व व्यापम कोचिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से जिले के होनहार युवाओं के



लिए सुनहरा अवसर साकार होने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा 10 मई को सुबह 11 बजे बा ल को सीएसआर के अंतर्गत दिल्ली आईएएस द्वारा संचालित भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क पीएससी और व्यापम कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करेंगे। यह कोचिंग सेंटर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए न केवल मार्गदर्शन देगा, बल्कि उन्हें सफलता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करेगा। नगर पालिका कार्यालय के पीछे मंगल भवन को भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क पीएससी और व्यापम कोचिंग सेंटर के रूप में तैयार किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप भोरमदेव महोत्सव के अवसर पर जिले के युवाओं को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी का अवसर देने की घोषणा की थी। महज एक माह के भीतर इस घोषणा को धरातल पर उतारते हुए शुभारंभ की तैयारी पूरी कर ली गई है, जो उनके संकल्प को निभाने की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचायक है। छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि जिले के युवाओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के उच्च स्तरीय कोचिंग सुविधा मिले, ताकि वे भी बड़े शहरों के समान अवसरों का लाभ उठा सकें। इसी उद्देश्य से भोरमदेव विद्यापीठ में चयनित युवाओं को निःशुल्क कोचिंग, पुस्तकें, ऑनलाइन वीडियो लेक्चर और लाइब्रेरी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग सेंटर में कुल 200 चयनित युवा 100 पीएससी और 100 व्यापम अभ्यर्थी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें जिले के 1685 प्रतिभावान युवाओं ने परीक्षा दी और मेरिट के आधार पर 200 का चयन किया गया। कोचिंग सेंटर में युवाओं के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिसमें पुस्तकालय, निःशुल्क अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन वीडियो लेक्चर तथा कैफेटेरिया भी शामिल हैं। यह पहल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के युवाओं को वही अवसर मिले जो बड़े शहरों में उपलब्ध हैं। यह कोचिंग सेंटर केवल शैक्षणिक पहल नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सफल बनाने का मजबूत आधार है। इससे न केवल जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, बल्कि कबीरधाम को शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

#### प्रतियोगी चयन में दिखा जबरदस्त उत्साह

भोरमदेव विद्यापीठ के तहत जिलेभर से 1685 प्रतिभावान युवाओं ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया। इनमें से 200 योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें 100 पीएससी और 100 व्यापम परीक्षार्थी शामिल हैं। चयनित युवाओं को दिल्ली आईएएस कोचिंग सेंटर द्वारा उच्च स्तरीय निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।

#### आधुनिक सुविधाओं से लैस कोचिंग सेंटर

भोरमदेव विद्यापीठ में स्थापित इस कोचिंग सेंटर में उत्कृष्ट शिक्षक, उच्च गुणवत्ता की शिक्षण सामग्री, पुस्तकालय, निःशुल्क अध्ययन सामग्री और ऑनलाइन वीडियो लेक्चर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कैफेटेरिया भी तैयार किया गया है।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

विरोध: मुख्यमंत्री के नाम किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# पंडरिया शक्कर कारखाना के निजीकरण के विरोध में सैकड़ों किसान पहुंचे कवर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के निजीकरण किए जाने की सुगबुगाहट के बीच शुक्रवार को कारखाना के निजीकरण के विरोध में भारतीय किसान संघ के बैनर तले क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने जिला कार्यालय पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला किसान भी उपस्थित थी। किसानो ने एक स्वर में पंडरिया शक्कर कारखाना के निजीकरण किए जाने का विरोध किया और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा। भारतीय किसान संघ ने अपने ज्ञापन में कहा है कि एक ओर जहां संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2025 को अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। जिसकी थीम है सहकारिताएं एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है रखा गया। जिसके तहत पूरी दुनिया में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। संघ ने कहा कि सहकारी संस्थाएं लोगों के आर्थिक सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा यह एक सर्वश्रेष्ठ मॉडल है। इसमें लोगों को अपने अनुकूल विकास की योजना बनाने का अधिकार होता है तथा प्राप्त आय को सभी सदस्यों में बराबर बांटा जाता है। जबकि निजी क्षेत्र में सारा लाभ एक व्यक्ति के जेब में चला जाता है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में लोगों को रोजगार मुहैया कराने का यह एक आदर्श नमूना है। इससे समाज में आपसी प्रेम भाईचारा तथा सहयोग की भावना पैदा होता है जो एक शसक्त समाज तथा देश के निर्माण में आवश्यक है। भारत में भी सहकारिता को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। देश के गृह मंत्री तथा केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित भाई शाह के द्वारा पूरे देश में सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाई जा रही है तथा उन्हें सशक्त किया जा रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यदि सहकारी क्षेत्र के कारखाने को निजी क्षेत्र में बेंचा जाता है तो यह केन्द्र सरकार के नीति के विपरीत माना जाएगा। संघ ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना जिसने अनेक बार पूरे देश में सर्वाधिक शक्कर रिकवरी का रिकॉर्ड बनाया है जिले का तथा प्रदेश का मान बढ़ाया है। जिले के किसानों के आर्थिक सामाजिक उन्नति का आधार बना है इसे यदि निजी हाथों में दिया जाता है तो वह किसानों के शोषण का साधन बन कर रह जाएगा।



### सहकारी शक्कर कारखाना गन्ना किसानो की आर्थिक उन्नति का साधन

जिले में गन्ने का कुल उत्पादन लगभग 25 लाख टन है। इसमें से 40 प्रतिशत गन्ने की पेराई जिले के दोनों शक्कर कारखाना में होती है। जहां किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य मिलता है। बचत 60 प्रतिशत गन्ने की पेराई जिले में स्थित निजी गुड़ उद्योगों में होता है। इस 60 प्रतिशत गन्ने के मूल्य को लाभकारी स्तर पर बनाए रखने में सहकारी शक्कर कारखानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज यदि पूरे भारत में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत जिले के किसानों को मिल रही है तो इसका पूरा श्रेय सहकारी शक्कर कारखाना को जाता है। जिसकी वजह से आज कबीरधाम जिले के किसानों में समृद्धि आई है। तथा उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है। जिले में गन्ने की आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को गन्ने की आधुनिक खेती का प्रशिक्षण आदि का कार्य कारखाने के द्वारा समय-समय पर कराया जाता है। जिले में अधिक उपज तथा अधिक शक्कर रिकवरी वाले गन्ना वैरायटी को किसानों को उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही किसानों को कम मूल्य पर खाद भी उपलब्ध कराया जाता है। इस तरह से सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा किसानों के हित में अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

### भ्रष्टाचार के चलते गर्त में गया पंडरिया शक्कर कारखाना, जांच की मांग

सरकार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर को निजी क्षेत्र में देने की योजना बनाई जा रही है। भारतीय किसान संघ तथा जिले के समस्त किसान तथा कारखाने में कार्यरत समस्त कर्मचारी कारखाने के निजीकरण का विरोध करते हैं। संघ ने कहा कि कारखाना की व्यवस्था को सुधारने के लिए तथा दोषियों को सजा देने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाया जाए जो कि पिछले 5 वर्षों के कारखाना के आय-व्यय की जांच करें तथा जिन लोगों ने कारखाने के पैसे का दुरुपयोग किया है उन्हें कानून के दायरे में लाया जाए तथा दोषी व्यक्तियों से कारखाने के नुकसान की भरपाई कराई जाए।

## संभागायुक्त राठौर व कलेक्टर वर्मा ने समाधान शिविर का किया अवलोकन



■ देवसरा में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी, संवेदनशील और प्रभावी प्रशासन की स्थापना के लिए शुरू किए गए सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पंडरिया विकासखंड के ग्राम देवसरा में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज स्वयं उपस्थित होकर समाधान शिविर का अवलोकन किया।

उन्होंने शिविर स्थल पर उपस्थित सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए योजनाओं से उन्हें हो रहे लाभ की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री राठौर ने बताया कि शासन-प्रशासन की यह पहल न केवल नागरिकों की समस्याओं को त्वरित रूप से सुलझा रही है, बल्कि इससे आम नागरिकों का शासन में विश्वास भी सुदृढ़ हो रहा है। इस दौरान बताया गया कि देवसरा में आयोजित शिविर में 14 ग्राम पंचायतों से 2 हजार 858 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 2 हजार 826 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण ने कहा कि राज्य शासन का उद्देश्य जनसामान्य के हित में प्रभावशाली, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन की स्थापना करना है, और यह समाधान शिविर उसी दिशा में एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा केवल योजनाएं बनाकर छोड़ने की नहीं, बल्कि उन्हें हर जरूरतमंद तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं का ठोस समाधान करने की है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से जनता को न केवल शासन की योजनाओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि वे अपनी जिज्ञासाएं, समस्याएं और सुझाव भी साझा कर पा रहे हैं। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी संदीप ठाकुर, तहसीलदार, जनपद सीईओ, विभागीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खिलाड़ियों के लिए 19 मई से परीक्षा शुरू

**कवर्धा।** राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विवि ओर भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए दोबारा वार्षिक परीक्षा होगी। वंचित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा कल्याण स्नातकोत्तर कॉलेज सेक्टर-7 भिलाई नगर में 19 मई से शुरू होगी। इसे लेकर विवि ने अपनी वेबसाइट में आदेश के कॉपी को जारी किया है। अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### प्रवेश के लिए पात्र- अपात्र सूची का प्रकाशन

**कवर्धा।** पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पिपरिया, कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा पहली, कक्षा 11वीं एवं 12वीं (अंग्रेजी माध्यम) के लिए प्राप्त आवेदनों की पात्र-अपात्र सूची विद्यालय के सूचना पटल में प्रदर्शित कर दी गई है।

### व्यापारियों का व्यवस्थापन

**डोंगरगढ़।** गोल बाजार की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सड़क पर सब्जी दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों को पुरानी सब्जी मंडी में व्यवस्थित करने तथा पुराने थाने की खाली जगह को समतल कर व्यापारियों को व्यवस्थित करने का कार्य शुरू किया गया है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ और कर्मचारियों ने मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किया। दुकानदारों, ग्राहकों के लिए पानी टंकी, बाजार के अंदर नाली निर्माण और लाईट व्यवस्था करने कहा गया है।

## वन विकास नियम ने कराई जांच, कहा कक्ष क्रमांक पीएफ 436 में पेड़ों की कटाई व ठूंठ जलाने की खबर निराधार

■ नींद से जागे वन विकास निगम से अन्य अवैध कटाई के मामलों में भी जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया में खोजे नहीं मिलने वाले वन विकास निगम के अधिकारियों ने परियोजना परिक्षेत्र पंडरिया के कुकदूर-3 सर्किल के अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 436 में पेड़ों की कटाई और ठूंठ जलाने की खबर को जांच उपरांत निराधार बताया है। निश्चित रूप से वन विकास निगम की यह कार्यवाही स्वागतयोग्य है, कि कम से कम उसने सामने आई शिकायत अथवा खबर को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच तो कराई। जांच उपरांत वन विकास निगम कवर्धा के मंडल प्रबंधक पीताम्बर साहू ने स्पष्ट किया है कि प्रसारित खबर में किए गए दावे पूरी तरह से असत्य और निराधार हैं। इस संबंध में मौके की जांच उप मंडल प्रबंधक कवर्धा के द्वारा की गई, जिसमें पाया गया कि जिस भूमि पर पेड़ों की कटाई और ठूंठ जलाने की बात कही गई है, वह परियोजना परिक्षेत्र पंडरिया के कुकदूर-3 सर्किल के अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ-436 में स्थित है। इस क्षेत्र में ग्राम मुरकी, बकेला, बीरमपुर और लिम्हईपुर शामिल हैं। मंडल प्रबंधक श्री साहू ने जानकारी दी कि उक्त भूमि पर शासन द्वारा संतराम, फागुराम, नोहर, पंचराम, कार्तिकराम समेत अन्य लगभग 80 व्यक्तियों को कुल 52.367 हेक्टेयर क्षेत्र में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं। इन किसानों द्वारा विगत कई वर्षों से इस भूमि पर वैधानिक रूप से कृषि कार्य किया जा रहा है। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि वहां किसी भी प्रकार से नए पेड़ों की कटाई नहीं की गई है, न ही ठूंठ जलाकर नष्ट करने की कोई गतिविधि पाई गई है। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पूरी प्रमाणिकता के साथ स्थिति का आकलन किया और पाया कि प्रचारित खबर में बताए गए तथ्य वास्तविकता से मेल नहीं खाते।

### भेढ़ागढ़ के पास बैगापारा में अवैध कटाई की भी जांच की मांग

परियोजना परिक्षेत्र पंडरिया के कुकदूर-3 सर्किल के अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ-436 में अवैध कटाई की शिकायत पर वनविकास निगम की सक्रियता और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाना स्वागतेय है। किंतु सवाल यह उठ रहा है कि वन विकास निगम पंडरिया क्षेत्र के ही भेढ़ागढ़ के पास बैगापारा में हुई हजारों नीलगिरी और सागौन पेड़ों की अवैध कटाई के बारे में क्यों मौन है? आखिर एक बार में इस तरह हुए अभूतपूर्व वन विनाश की जांच और दोषियों पर की गई कार्यवाही संबंधी श्वेतपत्र क्यों जारी नहीं की जा रही है। अंचल के लोगों को अपेक्षा है कि वनविकास निगम को इस मामले में भी रिपोर्ट सार्वजनिक करना चाहिए कि भेड़ागढ़ के पास कक्ष क्रमांक 1467 व 1468 में हुई हजारों बेशकीमती पेड़ों की कटाई क्या विभागीय नियमों के तहत वैध कटाई है अथवा फिर अवैध वन विनाश किया गया है। अगर अवैध कटाई की गई है तो इस अभूतपूर्व वन विनाश के लिए कौन जिम्मेदार है और अभी तक दोषी लोगों पर क्या कार्यवाही की गई? इसके अलावा वन विकास निगम के जिम्मेदार और मुस्तैद अधिकारियों को पंडरिया क्षेत्र के बदौरा, रहमानकांपा, नरसिंगपुर के जंगलों में हुए वनविनाश की जांच कराए जाने की भी अपेक्षा क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों ने की है।

## गिरते जल स्तर के बीच सिस्टम



**स.लोहारा।** जिले के विकासखण्ड स.लोहारा के ग्राम दरिगवां में गिरते जल स्तर के बीच प्यासों को पेयजल उपलब्ध कराने लगाया गया सौलर पंप का निकला दम, लोगों के सामने की जल की समस्या।

## पीएम-आशा योजना के तहत किसानों के पंजीयन की तिथि 22 मई तक बढ़ी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। अब जिले के कृषक 22 मई 2025 तक अपनी फसलों का पंजीयन करवा सकते हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक अमित कुमार मोहंती ने यह जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर और सरसों की बुवाई करने वाले किसानों का पंजीयन पूर्व निर्धारित तिथि के स्थान पर अब 8 मई से 22 मई तक किया जा सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के संपर्क में रहकर पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन के लिए कृषकों को अपने आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति सेवा सहकारी समितियों में जमा करानी होगी, जिसके बाद किसान पोर्टल के माध्यम से उनका पंजीयन किया जाएगा। उप संचालक श्री मोहंती ने बताया कि पंजीकृत किसानों से भारतीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनकी उपज का उपार्जन किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अरहर के लिए 7,550 रूपए, मूंग के लिए 8,682 रूपए, उड़द के लिए 7,400 रूपए, मूंगफली के लिए 6,743 रूपए, सोयाबीन के लिए 4,892 रूपए, चना के लिए 5,440 रूपए, मसूर के लिए 6,425 रूपए और सरसों के लिए 5,650 रूपए प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

## दसवीं व बारहवीं के पुनर्मूल्यांकन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षाफल के प्राप्तांको से कोई विद्यार्थी असंतुष्ट हो तो वे पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना व उत्तरपुस्तिका के छायाप्रति के लिए परीक्षाफल घोषित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आवेदन कर सकते हैं। शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस वर्ष विगत 7 मई को दसवीं व बारहवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया है, अतः विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना व उत्तरपुस्तिका के छायाप्रति हेतु इन तीनों प्रक्रिया के लिए या किन्ही दो प्रक्रिया के लिए या किन्ही एक प्रक्रिया के लिए आगामी 22 मई तक आवेदन कर सकेंगे। पुनर्गणना के लिए प्रति विषय 100 रुपए पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 500 रुपये एवं उत्तरपुस्तिका के छायाप्रति के लिए प्रति विषय 500 रुपए शुल्क निर्धारित है। आवेदक मंडल द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर निर्धारित शुल्क के साथ अग्रेषण संस्था में जमा कर सकते हैं या फिर आवेदक मंडल की वेबसाइड पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### अंकों में कमी या वृद्धि ऐसे होगा मान्य या अमान्य


प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में पूर्व के प्राप्त अंकों से 10 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वृद्धि होने पर ही, अंकों में वृद्धि मान्य किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन में अंकों की कमी होने पर अंक घटाए नहीं जाएंगे अर्थात पूर्व के अंक यथावत रहेंगे। पुनर्गणना में विद्यार्थी के अंकों में कमी एवं वृद्धि दोनों मान्य किए जाएंगे।

## वार्ड 9 में नाली निर्माण में अनियमितता बरते जाने का आरोप

**कवर्धा।** नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 में कराए जाने रहे नाली निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व पार्षद सुरेश वर्मा ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। इस संबंध में शिकायतकर्ता सुरेश वर्मा ने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक 9 में नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा नाली का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन संबंधित ठेकेदार और इंजीनियर द्वारा मिलीभगत कर नाली निर्माण कार्य में भारी अनियिमितता बरतते हुए नियम कायदों को ताक में रखकर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि नाली निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। इसके अलावा राशि का आहरण तो किया गया है लेकिन वास्तविक निर्माण कार्य नहीं हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि कौशल धुर्वे और निर्मला साहू के घर के बीच की 15 मीटर की दूरी में नाली का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि राशि का आहरण हो चुका है। शिकायतकर्ता सुरेश वर्मा ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इस मामले में जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर इंजीनियर और ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में बड़ी संख्या में विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। लेकिन इन निर्माण एवं विकास कार्यो की गुणवत्ता एक बड़ा सवाल है।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर नर्सिंग कॉलेज कवर्धा में विविध कार्यक्रम का आयोजन

## मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका अहमः डॉ. सियाराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर एवं अध्यक्ष गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा सुधा देवी नर्सिंग कॉलेज कवर्धा में गत 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर व्याख्यान, संगोष्टी, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सियाराम साहू चेयरमैन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी उपस्थित थे। उनके साथ डॉ बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सचिव, बालाराम साहू रेडक्रॉस राज्य प्रतिनिधि, श्रीमती शीजा, प्रभारी प्राचार्य ने रेडक्रॉस सोसाइटी के संस्थापक जान हेनरी डूनाट के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ सियाराम साहू ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस हर साल 8 मई को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। यह दिन मानवता, करुणा और सेवा की भावना को समर्पित है। रेडक्रॉस आपदा, युद्ध, महामारी या किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति में पीड़ितों की मदद करती है। इस वर्ष मानवता को जीवित रखना थीम एक ऐसा संदेश है जो आज के चुनौती पूर्ण समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि जो मानव, मानव के काम आए वही सच्ची सेवा है। उन्होने रेडक्रॉस के सेवा कार्यों को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने और अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए रेडक्रॉस कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। वहीं सीएमएचओ डॉ.बीएल राज ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस न केवल एक दिन है बल्कि यह सेवा साहस और मानवता का प्रतीक है। हेनरी डूनॉट द्वारा शुरू किया गया आंदोलन आज लाखों लोगों को संकट की घड़ी में सहायता प्रदान कर रहा है। इस दिन हम सभी को यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि जरूरतमंद की सहायता निःस्वार्थ रूप से करनी चाहिए। बालाराम साहू महासचिव के द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर में दिए गए संदेश का वाचन किया गया तथा जिले में रेडक्रास आयोजित किए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम, ब्लड डोनेशन कायक्रम ,फर्स्ट एड प्रशिक्षण और महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस गठन संबंधी जानकारी दिया। इस अवसर पर सुधा देवी नर्सिंग कॉलेज कवर्धा की छात्राओं के बीच कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## गन्ना किसानों की लंबित राशि का भुगतान कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने किसानो की मांग व समस्याओं को लेकर एक बार फिर जिला प्रशासन के मुखिया को ज्ञापन सौंपा है और एक हप्ते के भीतर किसानो की सभी समस्याओं एवं मांगों का निराकरण किए जाने कहा है। साथ ही संघ ने इस बार प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि अगर उनकी मांग व समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के भीतर नहीं किया जाता तो संघ किसानो के साथ आंदोलन करने बाध्य होगा। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के डोमन चन्द्रवंशी ने बताया संघ ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर मुख्य रूप से सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना किसानों के पिछले 5 माह से लंबित भुगतान को शीघ्र किए जाने नान को बाजार भाव पर शक्कर दिए जाने, अब तक के अंतर की राशि को ब्याज सहित लिए जाने, नान द्वारा भविष्य में यदि अग्रिम भुगतान नहीं किया जाता है तो उसे शक्कर नहीं दिए जाने, नान द्वारा भोरमदेव शक्कर कारखाने से खरीदे गए शक्कर की राशि माह अप्रैल तथा मई का शेष है इसे 15 मई तक कारखाने को दिए जाने ताकि इस राशि से किसानो का लंबित भुगतान किया जा सके, इथेनॉल कंपनी एनकेजे की लंबित राशि 19 करोड़ रूपए का भुगतान भोरमदेव सहकारी शक्कर को कराए जाने तथा भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का लगभग 9 करोड़ रूपए विद्युत वितरण कंपनी के पास 2022 से बकाया है इसे भी शीघ्र अतिशीघ्र कारखाना को भुगतान कराए जाने की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ ने कहा कि अगर इन तामाम मागों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण नहीं किया जाता तो भारतीय किसान संघ किसानो के साथ मिलकर आंदोलन करने तथा इथेनॉल कंपनी का घेराव करने बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।